हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 37 .1 डिग्री
न्यूनतम 20 .7 डिग्री

11 स्वास्थ्य जांच शिविरों का उठाएं नागरिक लाभ : जांगड़ा



12 त्योहारों से पहले सफाई व्यवस्था दुरुस्त ...



## खबर संक्षेप

### 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष प्रचार अभियान

**रोहतक।** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के दौरान विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों तथा विकास कार्यक्रमों का भजन पार्टियों के माध्यम से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विभाग के महानिदेशक के मकरंद पांडुरंग के निर्देशानुसार जिला में एक विभागीय भजन पार्टी के अलावा तीन अनुबंधित ड्रामा पार्टी एवं 15 अनुबंधित भजन पार्टियों को विशेष प्रचार अभियान के तहत कार्यक्रम दिए गए है।




### फर्स्ट एड और सीपीआर की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी

**रोहतक।** हरियाणा पर्यटन निगम के निर्देशानुसार स्थानीय मैना पर्यटक केंद्र में विरासत की हिफाजत कार्यक्रम के तहत ब्लड ग्रुप व शुगर टेस्ट के साथ कर्मचारियों को फर्स्ट एड व सीपीआर की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग रेडक्रॉस समिति एवं सेंट जॉन एंबुलेंस की टीम ने दी। प्राध्यापक विष्णु मित्र सैनी ने आपदा या दुर्घटना की स्थिति में प्राथमिक उपचार एवं सीपीआर की विधियां समझाईं। विशेष रूप से किचन में लाइव डेमो भी दिया गया। प्रीति, तान्या, शालू ने ट्रेनिंग के विशेष प्रबंध किए।

### एमडीयू प्रो. नसीब सिंह गिल ने दिया व्याख्यान



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ नसीब सिंह गिल ने सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान प्रस्तुत किया। यह व्याख्यान यूजीसी-एमएमटीटीसी, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत हुआ। संबोधन में प्रो गिल ने कहा कि सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आज शिक्षा, शोध, उद्योग और प्रशासन सभी क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है।

### पोस्टर मेकिंग में सारिका विजेता रहीं



**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में 18 व 19 सितंबर को आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता कार्यक्रम का समापन आज हुआ। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉ. रश्मि लोहचब ने की। कार्यक्रम के दौरान पहले दिन संपन्न हुई प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। रंगोली प्रतियोगिता में कोमल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में सारिका विजेता रहीं।

### राजकीय महिला कॉलेज में हुनर-2025 का शुभारंभ

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में शुक्रवार हुनर-2025 टैलेंट हंट कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्राचार्या इंदू सपरा के कुशल निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, रंगोली, मटकी डेकोरेशन, कोलाज मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ, मेंहदी प्रतियोगिता, क्ले मॉडलिंग और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसी प्रतियोगिताएं हुईं।

# गमले बनाने पर विवाद, एमडीयू में छात्रों का हंगामा, आधी रात को धरना शुरू

**छात्रों का गुस्सा भड़का, दिनभर किया प्रदर्शन, कुल सचिव आवास पर भी पहुंचे**



*वीसी की कोठी पर घुसने के लिए छात्रों ने सुरक्षा में तैनात सिक्योरिटी गार्ड को खदेड़ा*



**रोहतक।** विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते छात्र। फोटो : हरिभूमि

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के आवास पर शुक्रवार को छात्र जबरदस्ती घुस गए। छात्रों ने आवासीय परिसर में जमकर हंगामा किया। छात्र इतने गुस्साए हुए थे कि उन्होंने सुरक्षा गार्डों को भी खदेड़ दिया। घटना के कुछ समय बाद ही छात्र नेता प्रदीप मोटा को पुलिस ने हिरासत में लिया तो विद्यार्थी रात में विरोध दर्ज करवाने के लिए कुल सचिव आवास पर धरने पर बैठ गए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने प्रदीप मोटा की फोन पर छात्रों से बात करवाई। छात्रों ने पुलिस को कहा कि प्रदीप मोटा को तुरंत यूनिवर्सिटी लाया जाए। ध्यान रहे कि मोटा की अगुवाई में ही छात्रों ने वीसी आवास पर शुक्रवार दोपहर को जबरदस्त बखेड़ा किया था। इस पूरे प्रकरण के पीछे यूनिवर्सिटी का एक अधिकारी छात्रों को वीसी को लेकर भड़का रहा है। वह अफसर ही कई महीने से छात्रों को यह जानकारी दे रहा था कि वीसी आवास पर गमले बनाने को लेकर गड़बड़ है।

### विश्वविद्यालय में है नर्सरी

एमडीयू की पहचान देश के सबसे हरे भरे विश्वविद्यालयों में होती है। वर्ष 2018 में केंद्र सरकार से अवार्ड भी मिल चुका है। यूनिवर्सिटी परिसर में हरियाली बरकरार रहे इसके लिए पेड़-पौधों की नर्सरी है। नर्सरी से ही पूरे कैंपस में पौधे भेजे जाते हैं। वीसी- रजिस्ट्रार ऑफिस और आवास पर भी गमलों की सप्लाई नर्सरी से ही होती है। ऐसे में यूनिवर्सिटी ये तर्क नहीं दे सकती है वीसी की कोठी पर जो गमले रखे हैं या बनाए जा रहे, वे विश्वविद्यालय के लिए थे। इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप देशवाल कहते हैं कि वे तो कई साल से लगातार कह रहे हैं कि यूनिवर्सिटी में बहुत कुछ आर्थिक गड़बड़ियां की जा रही हैं। इन्होंने कहा कि मैंने तो खुद ही लकड़ियों से भरी ट्राली पकड़ी थी। उस समय के कुल सचिव प्रो. गुलशन तनेजा मौके पर पहुंचे थे।

### सिक्योरिटी गार्डों ने छात्रों को रोकने का प्रयास किया

करीब साढ़े बारह बजे काफी संख्या में छात्र नारेबाजी करते हुए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के आवास के बाहर पहुंचे। छात्रों ने आव देखा न ताव और वीसी आवास परिसर में घुस गए। सिक्योरिटी गार्डों ने विद्यार्थियों को रोकने का प्रयास किया। लेकिन छात्रों की संख्या अधिक होने की वजह से वे प्रयास में सफल नहीं हो पाए। परिसर में घुसते ही छात्र वीसी की कोठी के साथ में जिस खाली एरिया में हजारों की संख्या में गमले रखे हुए थे, वहां पहुंचे। छात्रों ने बताया कि विवि के खर्च पर ये गमले यहां तैयार किए जाते हैं। फिर इन्हें बाहर भेजा/ बेचा जाता है। प्रक्रिया कई साल से जारी है।

### महिला प्रोफेसर के इर्द-गिर्द घूम रही

विश्वविद्यालय की एक महिला प्रोफेसर के इर्द-गिर्द ये पूरा मामला घूमता बताया जा रहा है। महिला का पति किसी विभाग में अधिकारी है, उसके यहां ये गमले सरकारी प्रयोग के लिए भेजे जाते हैं। हो सकता है कि महिला प्रोफेसर ने किसी दूसरे व्यक्ति के नाम से गमले सप्लाई करने के लिए फर्म बना रखी हो। ये आरोप छात्रों ने लगाए हैं। विद्यार्थियों ने बताया कि क्या एक महिला प्रोफेसर की इतनी हिम्मत है कि वीसी की कोठी से गमले बाहर भिजवा दे और कुलपति को इसकी जानकारी तक ना मिले। छात्रों का कहना था कि वीसी की कोठी पर बड़ा खेल चल रहा है। इसलिए तुरंत राज्यपाल ने मामले की जांच निष्पक्ष एजेंसी से करवानी चाहिए।

### छात्रों के आरोप, लंबे समय से चल रही हैं गड़बड़ियां

हंगामे का नेतृत्व करते हुए भगतसिंह छात्र संगठन के अध्यक्ष प्रदीप मोटा ने बताया कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ( में एक बड़ी अनियमितता का पर्दाफाश किया है। कुलपति के घर पर में एक निजी वाटिका बनाई हुई । जहां अवैध रूप से संचालित गमले बनाने की करोड़ों रुपये की इकाई पकड़ी गई। मौके से करीब 10,000 अवैध गमले बरामद हुए हैं। जिनकी कीमत बाजार में प्रति गमला लगभग 2,500 रुपये से कम नहीं है। ऐसा छात्र नेता प्रदीप मोटा का अनुमान है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन को पूरी गड़बड़ियों के बारे में अवगत कराया जा चुका है। अगर समय रहते सही तरह से गमला प्रकरण की जांच नहीं करवाई गई तो छात्र आंदोलन चलाने को मजबूर होंगे।

### तीन महिला प्रोफेसर ने खड़े किए सवाल

सूत्र बताते हैं कि आरोपी छात्रों पर कार्रवाई के लिए मीटिंग में प्रस्ताव लाया गया था। लेकिन तीन महिला प्रोफेसर ने ये कहकर सवाल खड़े कर दिए कि कुछ दिन पहले ही विश्वविद्यालय के एक सुरक्षाकर्मी के साथ मारपीट की गई थी तो ऐसा एजेंडा उस समय क्यों नहीं लाया गया। महिला प्रोफेसर ने बैठक में ये तक कहा कि भविष्य में अगर किसी शिक्षक के साथ ऐसी घटना होती है तो तब क्या ऐसे ही प्रस्ताव लाए जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि प्रोफेसर घटना के विरोध में एक दिन का शैक्षणिक कार्य बंद करने का प्रस्ताव भी लेकर आए थे। लेकिन इस एजेंडे पर भी चर्चा नहीं हो सकी।

### परिवार पर जानलेवा हमले की आरोपी महिला समेत चार काबू

**रोहतक।** पुलिस ने ईस्माइला निवासी युवक व उसके परिवार पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में आरोपी महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। सांपला थाना प्रभारी बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि ईस्माइला निवासी लक्ष्मण की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि लक्ष्मण मेहनत मजदूरी का काम करता है। लक्ष्मण के पडोसी जोगिंद्र के बच्चों की करीब डेढ साल पहले लक्ष्मण के बच्चों के साथ कहासुनी हुई थी। 17 सितंबर को जोगिन्द्र व उसका बेटा लक्ष्मण के घर पर आकर गाली गलौच कर वहां से चले गए। करीब 6 बजे जोगिंद्र, उसका बेटा पारस, आदित्य, जोगिन्द्र की पत्नी सुलोचना हाथो में लाठी, फरसे लेकर लक्ष्मण के घर मे घुस गये। जोगिंद्र व उसके परिवार ने लक्ष्मण व उसके परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के व्यक्तियों को इकट्ठा होते देख जोगिंद्र व उसका परिवार मौके से फरार हो गए थे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए 23 तक आवेदन



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि जिला के गांव घुसकानी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं एवं 11वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए 23 सितंबर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। प्रवेश के लिए चयन परीक्षा आगामी 7 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी।सचिन गुप्ता ने बताया कि कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत छात्र पात्र होंगे। इसी प्रकार कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए वर्तमान सत्र में कक्षा 10वीं में पढ़ने वाले छात्र पात्र होंगे। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए अभ्यर्थियों को पासपोर्ट साइज फोटो, छात्र का हस्ताक्षर एवं अभिभावक का हस्ताक्षर तैयार रखने होंगे।

**अपने जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों में न लगाएं**

# 17.3 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही चार अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

*17 नींव, 3 अवैध निर्माण, कच्चा रोड नेटवर्क, इंटरलॉक टाइल रोड एवं सीवरेज पाइप लाइन को तोड़ा गया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक





उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा रोहतक नियन्त्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध रूप से किये जा रहे निर्माणों/कालोनियों को गिराने का निरंतर अभियान जारी है। इस अभियान के तहत जिला के गांव बोहर, भैयापुर एवं मकड़ौली खुर्द में लगभग 17.3 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही चार अवैध कॉलोनियों में 17 नींव, 3 निर्माणाधीन अवैध निर्माण, कच्चा रोड नेटवर्क, इंटरलॉक टाइल रोड नेटवर्क एवं सीवरेज पाइप लाइन को तोड़ा गया। यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला में अवैध निर्माण अथवा अवैध कॉलोनियों को नहीं पनपने दिया जाएगा। इस तोड़-फोड़ अभियान में जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तोड़ फोड़ अमले के साथ मौजूद रहा। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया कि वे अपने जीवन की कमाई को अवैध निर्माण या कॉलोनी में निवेश न करें। जिला प्रशासन द्वारा नियमित अंतराल पर अवैध निर्माण/कॉलोनी को गिराने का अभियान चलाया जाता है।

### डॉ. सविता सिंघल बनीं पीजीआईएमएस की नई डीन छात्र कल्याण



**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में पीजीआईएमएस के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर एवं यूनिट हेड डॉ. सविता सिंघल को विश्वविद्यालय का डीन छात्र कल्याण नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति कुलपति डॉ. एच के अग्रवाल ने की। जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ. वरुण अरोड़ा ने बताया कि डॉ. सविता सिंघल ने 1987 में एमबीबीएस और 1991 में एमडी (स्त्री एवं प्रसूति रोग) की उपाधि पीजीआईएमएस रोहतक से प्राप्त की। वह 1995 से संस्थान में फैकल्टी सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। वर्तमान में वे 10 वर्षों से वरिष्ठ प्रोफेसर और 15 वर्षों से यूनिट प्रमुख की जिम्मेदारी निभा रही हैं।

**गांव टिटोली में युवक को गोली मारने का मामला**

# परिजनों ने लगाया राजनीतिक दबाव का आरोप, सीएम से करेंगे मुलाकात

*नरेश का इलाज गुरुग्राम में चल रहा है और हालत बनी हुई है नाजुक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



एसपी से मिलने आए घायल युवक नरेश के परिजन व गांव टिटोली के ग्रामीण।

गांव टिटोली में युवक को गोली मारने के मामले में पीड़ित परिवार के लोग शुक्रवार को एसपी से मिले। घायल युवक नरेश के परिजनों ने आरोप लगाया कि इस घटना में एक नेता के भांजे के शामिल होने का आरोप लगाया है। जिसके कारण पुलिस राजनीतिक दबाव में आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं कर रही। एसपी से भी संतोषजनक जवाब न मिलने पर परिजनों ने अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलने का फैसला किया है। परिजनों ने बताया कि 10 सितंबर की रात को तीन लोगों ने उनके बेटे नरेश के सिर में गोली मारी थी।

फिलहाल नरेश का इलाज गुरुग्राम में चल रहा है और हालत नाजुक बनी हुई है। नरेश के चाचा सत्यवान का कहना है कि पुलिस ने घटना के तुरंत बाद तीनों आरोपियों को पकड़ लिया था, लेकिन बाद में दो आरोपियों को रिहा कर दिया गया। यही नहीं, रिहा हुए आरोपी लगातार धमकियां दे रहे हैं कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। सत्यवान ने आरोप लगाया है कि इस हमले में नरेंद्र उर्फ नाहना भी शामिल था, जो सांसद का भांजा और हरियाणा पुलिस में कार्यरत है।

**अच्छी पहल** | **राजस्थान घूमने जाने वाले हजारों पर्यटकों का सफर होगा सुगम**

# उदयपुर से चंडीगढ़ के बीच नई सुपरफास्ट एक्सप्रेस 25 सितंबर से शुरू, रोहतक होकर दौड़ेगी रेलगाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



राजस्थान घूमने वाले पर्यटक और चंडीगढ़–हरियाणा की ओर सफर करने वाले हजारों यात्रियों के लिए रेलवे की ओर से बड़ी खुशखबरी सामने आई है। रेलवे ने उदयपुर से चंडीगढ़ के बीच सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का ऐलान किया है। यह ट्रेन 25 सितंबर से पटरी पर दौड़ना शुरू कर देगी। लंबे समय से इस रूट पर सीधी ट्रेन की मांग उठ रही थी। अब इस नई सुविधा से यात्रियों को बसों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। नई ट्रेन शुरू होने से यह दिक्कत काफी हद तक खत्म हो जाएगी। इस ट्रेन में एक टियर, दो टियर और तीन टियर के एसी कोच के साथ-साथ स्लीपर और जनरल बोगी भी होंगी। हालांकि यह ट्रेन सप्ताह में केवल एक दिन ही चलेगी, यानी महीने में कुल चार बार ही उपलब्ध होगी।

### यात्रियों को राहत

रोहतक से उदयपुर या जयपुर जाने वाले यात्रियों को अक्सर ट्रेन में कंफर्म टिकट न मिलने की समस्या से जूझना पड़ता था। कई बार अंतिम समय में उन्हें बसों या निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता था। नई ट्रेन की शुरुआत के बाद यह दिक्कत काफी हद तक खत्म हो जाएगी। इससे रोजाना कामकाज या कारोबार के सिलसिले में राजस्थान जाने वाले लोगों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।

### जनरल बोगी भी होगी शामिल

इस ट्रेन में एक टियर, दो टियर और तीन टियर के एसी कोच के साथ-साथ स्लीपर और जनरल बोगी भी होंगी। यानी आम यात्रियों से लेकर लंबी दूरी के सफर करने वाले पर्यटक सभी वर्गों को इसका फायदा मिलेगा। जयपुर सहित राजस्थान के कई बड़े शहरों तक सीधा संपर्क मिलेगा और पर्यटक स्थलों तक पहुंच आसान हो जाएगी।

### सीमित दिन ही उपलब्ध

हालांकि यात्रियों को ध्यान रखना होगा कि यह ट्रेन सप्ताह में केवल एक दिन ही चलेगी। यानी महीने में कुल चार बार ही इस ट्रेन की सुविधा मिल सकेगी। दोनों ओर से इसकी आवाजाही भी चार बार होगी। इसके बावजूद यात्रियों में इस नई सुविधा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### अभी समय सारिणी नहीं आई

25 सितंबर से इस ट्रेन का संचालन हो रहा है। लेकिन अभी इसकी समय सारिणी हमारे पास नहीं आई है। जल्द ही इसका शेडयूल भी जारी कर दिया जाएगा। लेकिन हमारे पास इसकी सूचना आ चुकी है। इससे यात्रियों और पर्यटकों को काफी फायदा मिलेगा। **-बलराम मीणा,** स्टेशन अधीक्षक, रेलवे स्टेशन

### पर्यटन को भी मिलेगा बढ़ावा

इस नई ट्रेन से पर्यटन कारोबार को भी बढ़ावा मिलेगा। उदयपुर, अजमेर और जयपुर जैसे शहर पहले से ही पर्यटकों की पहली पसंद रहे हैं। अब सीधी ट्रेन सुविधा से चंडीगढ़, हरियाणा और पंजाब के पर्यटकों को इन शहरों तक पहुंचना और आसान होगा। वहीं राजस्थान के लोग भी चंडीगढ़ और उत्तर भारत की ओर आसानी से सफर कर पाएंगे।

### किन-किन स्टेशनों पर रुकेगी ट्रेन

उदयपुर सिटी, राणा प्रताप नगर जंक्शन, मावली जंक्शन, कपासन, चंदेरिया, भीलवाड़ा, बिजयनगर, अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, जयपुर, गांधी नगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई जंक्शन, राजगढ़, अलवर, रेवाड़ी, झज्जर, रोहतक, जींद, नरवाना, कैथल, कुरुक्षेत्र जंक्शन, अंबाला कैंट और चंडीगढ़ के स्टेशनों पर रुकेगी रेलगाड़ी।

**पीजीआईएमएस में मेडिटेशन कार्यक्रम**

# मोबाइल का अधिक प्रयोग तनाव और चिंता का कारण: डॉ. एचके अग्रवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पहले के समय में भी पढ़ाई ऐसी ही थी और बच्चे इतनी ही मेहनत करते थे, पहले और अब में जो बढा है वो है सिर्फ चिंता और तनाव। आजकल प्रथम वर्ष में आने वाले बच्चे से भी पूछा जाता है तो वह खुद को तनाव में बताता है जोकि उनके भविष्य और सेहत के लिए काफी घातक है। यह कहना है पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.एच.के. अग्रवाल का। वें शुक्रवार को लैक्चर पांच में आयोजित अध्यात्म का विज्ञान विषय पर आयोजित मेडिटेशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए थे। कुलपति डॉ.एच.के. अग्रवाल ने कहा कि यदि आप खुद को व्यस्त रखेंगे और अपने काम में लगे रहेंगे तो तनाव आपसे दूर रहेगा। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि हमें खुद को सोशल मीडिया और मोबाइल की कठपुतली नहीं बनने देना चाहिए। जितनी जरूरत हो सिर्फ उतना ही फोन प्रयोग करें। हमें अपने फोन वाला समय अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के साथ व्यतीत करना चाहिए ताकि हमें खुशी मिल सके और चिंता व तनाव हमारे पास भी ना भटके। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि मेडिटेशन के लिए हमें समय निकालना चाहिए ताकि हमारा दिमाग शांति से आत्ममंथन के लिए भी समय निकाल सके। डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. एमजी वशिष्ठ ने बताया कि आज व्याख्यान देने के लिए सीमा चावला को बुलाया गया था।



ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं, एक शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त पंप करता है, जबकि अन्य दो हृदय गलफड़ों में रक्त पहुंचाते हैं।





फ्लेमिंगो का गुलाबी रंग उनके भोजन में पाए जाने वाले कैरोटीनॉयड नामक रसायन के कारण होता है।





# गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी में मिलती हैं कई सुविधाएं




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

गर्भवती महिला तथा उनके बच्चों को भोजन की किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। आंगनबाड़ी केंद्र को 2 अक्टूबर 1975 को पूरे भारत में शुरू किया गया था। इसका मुख्य लक्ष्य बच्चों, गर्भवती महिला तथा दूध पिलाने वाली माताओं की स्वास्थ्य पोषण और विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। गर्भधारण के दौरान महिलाएं अपना तथा अपने बच्चों का पूर्ण ध्यान रखें, उनमें कितना वजन होना चाहिए उन्हें क्या खाना चाहिए, तथा जन्म के बाद बच्चे की पूरी देखरेख जैसे उसमें कितना वजन है, बच्चों को कोई बीमारी तो नहीं है इत्यादि जांचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का काम होता है।

## नवजातों को सुविधा

आंगनबाड़ी माता एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास संबंधित सहायता करती है। आंगनबाड़ी के जरिए नवजात शिशु तथा गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनबाड़ी में नवजात शिशु और 6 साल से कम आयु के बच्चों की देखरेख की जाती है। आंगनबाड़ी की ओर से 3 से 6 वर्ष तक बच्चों को शिक्षा दी जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष तक आयु को बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है। आंगनबाड़ी के कर्यकर्ता बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देते है। यदि कोई बच्चा कुपोषित है तो उन्हें तुरंत अस्पताल भेजना तथा स्वास्थ्य सुविधा आंगनबाड़ी की तरफ से प्रदान की जाती है। अगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तरफ से पूरी कोशिश की जाती है कि नवजात बच्चों को कोई भी बीमारी नहीं हो तथा वह कुपोषित नहीं हो और उनका स्वास्थ्य ठीक रहे।

### महिलाओं को सुविधा

अगर इस बारे में बात करें कि आंगनबाड़ी केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को क्या-क्या सुविधा दी जाती है तो आपको बता दें कि केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को पूरी तरह मार्गदर्शन देती है कि उन्हें अपना ध्यान किस प्रकार रखना है, उन्हें क्या खाना है जो उनके तथा उनके बच्चे दोनों के लिए अच्छा हो। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को सलाह देती है कि उन्हें क्या करना चाहिए जिससे उनके बच्चे का विकास पूर्ण रूप से हो।

## देनी होती है जानकारी

गर्भवती महिलाओं को गर्भधारण के दूसरे महीने में आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अपना जानकारी देनी होती है। जिसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र आपकी पूरी डीटेल्स को आंगनवाड़ी कार्यालय भेज देता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की तरफ से आपको यह जानकारी दी जाती है कि आपकी डिलीवरी कब होगी और आपका कौन-कौन सा इंजेक्शन की जरूरत है।

### 1500 दी जाती है प्रोत्साहन राशि

डिलीवरी होने के बाद आपको राशन भी दिया जाता है एवं प्रधानमंत्री योजना के तहत आपको 1500 रु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह प्रोत्साहन राशि इसलिए दी जाती है ताकि आप अपने खान-पान का पूरा ध्यान रख सके और अपने बच्चों का विकास सुनिश्चित कर सकें।

### इस प्रकार ले सकते हैं सुविधा का लाभ

गर्भवती महिलाओं को यह सारी सुविधा लेने के लिए सबसे पहले आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आगनबाड़ी केंद्र में जाना होता है व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सभी जानकारी देनी होती है। प्रेगनेंसी की जानकारी जब आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच जाती है तो आपको सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाता है।

योजना के लिए जरूरी दस्तावेज, आधार कार्ड, वोटर आईडी बैंक, खाता का पासबुक, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, इत्यादि।

## करना होता है रजिस्ट्रेशन

- इस योजना में आवेदन करने के लिए सबसे पहले आवेदक को बताये गए सभी दस्तावेजों को अपने पास रखना होता है। आवेदक महिला के पास यह सभी दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए।
- इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र से आपको एक फॉर्म लेना होता है और पूछी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करना होता है।
- अब आपको आवेदन फार्म के साथ सभी मांगे गए दस्तावेज लगाने होते हैं।
- इसके बाद आपको अपना एप्लीकेशन फॉर्म आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर जमा करवाना होता है।
- इस प्रकार आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाता है।
- आपकी डिलीवरी होने के बाद हर महीने आपको 1500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

## अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग सुविधा

विभिन्न राज्यों की सरकारों की तरफ से गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है जैसे उत्तर प्रदेश राज्य की तरफ से एक कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कई तरह का लाभ दिया जाता है। राज्य के अनुपूरक पोषाहारकार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। भोजन में हर दिन 600 कैलोरी ऊर्जा और 20-25 ग्राम प्रोटीन शामिल होता है। इसमें गेहूं के आटे की बर्फी, मूंग दाल की खिचड़ी और बेसन जैसी चीजें शामिल होती हैं। हरियाणा में आंगनबाड़ी केंद्रों में गेहूं, चावल, सरसों का तेल, दूध की पैकेट इत्यादि कई तरह का राशन उपलब्ध करवाया जाता है। इन सब के पीछे सरकार का एक ही उद्देश्य है कि नवजात शिशु तथा उसकी माता दोनों स्वस्थ रहें तथा दोनों का सर्वांगीण विकास हो पाए।

### कुपोषण को हराने के लिए बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र

आगनबाडी वह केंद्र है जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र को वेतनभागी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा संचालित किया जाता है और आंगनबाड़ी सहायिका उसकी मदद के लिए होती है। भारत में बढ़ती हुई बच्चों की जनसंख्या तथा कुपोषण के लक्षणों को देखते हुए भारत सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों को एक विशेष पहचान प्रदान की है। इन केंद्रों पर समाज के गरीब वर्ग के बच्चों को काफी सहायता दी जाती है तथा इन केन्द्रों से गर्भवती महिला और उनको बच्चों को भी कई तरह की सुविधा दी जाती है।

---

सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास व कंप्यूटर अनुप्रयोगों की देता समझ

# बीसीए के बाद करियर विकल्प : कॉर्पोरेट व सरकारी जगत में नौकरी के सुनहरे मौके

डॉ. मोहित बंसल

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बी.सी.ए.) एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास और कंप्यूटर अनुप्रयोगों की गहन समझ प्रदान करता है। इसमें प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग, डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी जैसे विषय शामिल होते हैं। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार अब विद्यार्थी बी.सी.ए. को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या चार वर्षों में बी.सी.ए. ऑनर्स के रूप में भी पूरा कर सकते हैं। बी.सी.ए. (ऑनर्स) कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किसी विशेष क्षेत्र जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कम्प्यूटिंग, डाटा साइंस या साइबर सुरक्षा में विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर मिलता है, जिससे वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में सशक्त करियर बना सकते हैं। बी.सी.ए. और बी.सी.ए. (ऑनर्स) के अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञताएँ उपलब्ध हैं।

**प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग की मिलती है जानकारी**

**डाटाबेस की मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी की मिलती है शिक्षा**

### प्रमुख स्पेशलाइजेशन

- कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस)
- डाटा साइंस और बिग डाटा एनालिटिक्स
- साइबर सुरक्षा और नेटवर्क सुरक्षा
- क्लाउड कम्प्यूटिंग
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास
- सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग
- मशीन लर्निंग एवं डीप लर्निंग
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी)

## बीसीए एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम



### खुलते हैं भविष्य के द्वार

*बीसीए छात्रों के लिए करियर की राहें केवल कंप्यूटर अनुप्रयोगों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उनके लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खोलती हैं। सही कौशल और उच्च शिक्षा के साथ वे देश और विदेश, दोनों जगह उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए **www. careerjaano. com** पर भी विजिट कर सकते हैं।*

### आवश्यक कौशल

**बी.सी.ए. स्नातकों के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उद्योग में सफल होने हेतु विशेष कौशल आवश्यक हैं। निम्नलिखित प्रमुख कौशल इस प्रकार हैं।**

- प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (जावा, पायथन, सी++, जावास्क्रिप्ट) में दक्षता
- समस्या समाधान और तार्किक सोच
- डाटा विश्लेषण और गणितीय क्षमता
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास की समझ
- टीमवर्क और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट स्किल्स
- नई तकनीकों को शीघ्र सीखने और अपनाने की क्षमता

### उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

**बी.सी.ए. स्नातक यदि अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाना चाहें तो उनके लिए कई मार्ग खुले हैं।**


**1. उच्च शिक्षा कार्यक्रम**

- मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.)
- मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) – आई.टी. एवं मैनेजमेंट
- एम.एससी. (कंप्यूटर साइंस/डाटा साइंस/ए.आई.)
- पी.जी. डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कम्प्यूटिंग या मशीन लर्निंग

**2. विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स (प्रमुख कंपनियों द्वारा)**

- **माइक्रोसॉफ्ट**: माइक्रोसॉफ्ट अज़ूर फंडामेंटल्स
- **गूगल**: गूगल क्लाउड प्रोफेशनल सर्टिफिकेशन
- **अमेज़न**: एडब्ल्यूएस सर्टिफाइड सॉल्यूशंस आर्किटेक्ट
- **आईबीएम**: आईबीएम डाटा साइंस सर्टिफिकेट
- **ओरेकल**: ओरेकल सर्टिफाइड जावा प्रोग्रामर
- **सिस्को**: सिस्को सर्टिफाइड नेटवर्क प्रोफेशनल

*ये सर्टिफिकेशन न केवल विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री-रेडी बनाते हैं और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं।*



**बीसीए को 3 वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या 4 वर्षों में बीसीए ऑनर्स भी कर सकते हैं**

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

डिजिटल अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास के दौर में बी.सी.ए. स्नातकों के लिए निजी क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों में अवसर उपलब्ध हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।

- सूचना प्रौद्योगिकी
  - सॉफ्टवेयर डेवलपर
  - वेब डेवलपर
  - मोबाइल एप डेवलपर
  - डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर
  - क्लाउड इंजीनियर
- बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ
  - आई.टी. ऑफिसर
  - डाटा एनालिस्ट
  - टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर
  - बिज़नेस एनालिस्ट
- ई-कॉमर्स एवं डिजिटल मार्केटिंग
  - ई-कॉमर्स ऑपरेशन मैनेजर
  - डिजिटल मार्केटिंग टेक्नोलॉजिस्ट
  - वेबसाइट मैनेजर
  - एसईओ/एसईएम विशेषज्ञ
- शिक्षा और प्रशिक्षण
  - कंप्यूटर शिक्षक (स्कूल/कॉलेज)
  - ऑनलाइन ट्यूटर
  - आईटी ट्रेनर
  - एड-टेक कंटेंट डेवलपर
- कंसल्टिंग और स्टार्टअप्स आईटी
  - कंसल्टेंट
  - प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर
  - टेक्निकल सपोर्ट स्पेशलिस्ट
  - प्रोडक्ट डेवलपमेंट मैनेजर

**यह इनकम संभव**

- बी.सी.ए. स्नातकों की निजी क्षेत्र में प्रारंभिक आय लगभग 3 से 5 लाख वार्षिक होती है, जबकि अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह आय 10 से 20 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र में भी बी.सी.ए. स्नातकों के लिए सम्मानजनक अवसर उपलब्ध हैं। यहाँ वे विभिन्न विभागों और संगठनों में तकनीकी एवं प्रशासनिक भूमिकाएँ निभा सकते हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।


- प्रशासनिक सेवाएं
  - भारतीय प्रशासनिक सेवा
  - भारतीय पुलिस सेवा
  - राज्य लोक सेवा आयोग के पद
- बैंकिंग क्षेत्र
  - प्रोबेशनरी ऑफिसर
  - आईटी ऑफिसर
  - क्लर्कियल पद
- रक्षा एवं अनुसंधान संगठन
  - डी.आर.डी.ओ. में वैज्ञानिक/तकनीकी पद
  - इसरो में अनुसंधान पद
  - राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र में आईटी पद
- शिक्षा और विश्वविद्यालय
  - सरकारी कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में सहायक प्रोफेसर
  - कंप्यूटर प्रशिक्षक
  - अनुसंधान सहायक
- रक्षा सेवाएं
  - लेफ्टिनेंट
  - आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
  - अकाउंट अफसर
  - एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
  - लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
  - टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**इनकम यह संभव**

- सरकारी क्षेत्र में बी.सी.ए. स्नातक की प्रारंभिक आय लगभग 4 से 6 लाख रुपये वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 15 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

---

# मतदान की शक्ति : सावधानी और जिम्मेदारी से चुनें भारत का भविष्य



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज का समय बदलाव का समय है, और आप भारत के युवा और भविष्य के कर्णधार इस बदलाव की धुरी हैं। 2025 में, जब भारत एक बार फिर अपने लोकतांत्रिक उत्सव, यानी चुनावों की ओर बढ़ रहा है, आपके पास वह शक्ति है जो देश की दिशा और दशा को बदल सकती है। सावधानी से मतदान करना केवल आपका अधिकार नहीं, बल्कि एक ऐसी जिम्मेदारी है जो आपके सपनों के भारत को साकार कर सकती है। आइए, इस प्रेरणादायक यात्रा में शामिल हों और समझें कि आपका एक वोट कैसे शांतिपूर्ण क्रांति ला सकता है। भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे जीवंत और शक्तिशाली लोकतंत्र है। यहाँ हर वोट एक कहानी लिखता है, जो देश के भविष्य को आकार देता है।

## छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं

आप में से कई छात्र पहली बार मतदान करने जा रहे हैं, और यह एक ऐसा मौका है जहाँ आप एक छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं। लेकिन यह निशान सावधानी और जागरूकता के साथ लगाना होगा। बिना सोचे-समझे किया गया मतदान आपके सपनों को अधूरा छोड़ सकता है, जबकि सही जानकारी और जिम्मेदारी के साथ दिया गया वोट एक समृद्ध, समावेशी और प्रगतिशील भारत का निर्माण कर सकता है। आपके वोट में वह ताकत है जो शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण और सामाजिक समानता जैसे मुद्दों पर सकारात्मक बदलाव ला सकती है। यह वोट केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि आपके विश्वास और सपनों का प्रतीक है। यह वह हथियार है जिसने भारत को स्वतंत्रता दिलाई और आज भी इसे मजबूत बनाए रखता है। 2025 में, भारत के सामने कई अहम मुद्दे हैं बेरोजगारी, शिक्षा में सुधार, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक न्याय। इन मुद्दों को हल करने के लिए हमें सही नेताओं और नीतियों को चुनना होगा। लेकिन सही चुनाव के लिए जागरूकता जरूरी है। सावधानी से मतदान का मतलब है। उम्मीदवारों के पिछले कार्यों, उनके वादों और उनकी विश्वसनीयता की जाँच करें। क्या वे आपके क्षेत्र की समस्याओं को समझते हैं? क्या उनकी योजनाएँ लंबे समय तक टिकाऊ हैं? वोट देते समय भावनाओं या प्रचार में न बहें। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर उम्मीदवारों की नीतियों को समझें। आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया जागरूकता फैलाने का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। लेकिन अफवाहों और गलत सूचनाओं से बचें। सही जानकारी साझा करें और दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करें। अपने दोस्तों, परिवार और समुदाय को मतदान के महत्व के बारे में बताएं। एक जागरूक मतदाता समूह पूरे देश को बदल सकता है। भारत का इतिहास युवा शक्ति की गौरवगाथा से भरा पड़ा है। स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और लाखों युवा छात्रों ने अहिंसक और संगठित तरीके से देश को आजादी दिलाई। आज भी, 2020 के दशक में भारतीय युवा अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। चाहे वह किसान आंदोलन हो, जहाँ युवाओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के जरिए नीतिगत बदलाव लाए, या फ्राइडेजफॉरफ्यूचर अभियान, जिसमें छात्रों ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ जागरूकता फैलाई भारतीय युवा हर बार साबित करते हैं कि वे बदलाव के असली नायक हैं।

## डिजिटल युग में आप अधिक शक्तिशाली

आज, डिजिटल युग में, आप और भी शक्तिशाली हैं। **#MeToo**, **#SaveTheChildren** जैसे अभियानों ने दिखाया कि भारतीय युवा सोशल मीडिया के जरिए लाखों लोगों को जोड़ सकते हैं और सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। 2025 में, आपके पास मतदान के जरिए इस विरासत को और मजबूत करने का अवसर है। कल्पना करें, एक ऐसा भारत जहाँ हर बच्चे को बेहतर शिक्षा, हर युवा को रोजगार और हर नागरिक को सम्मान मिले। आपका वोट इस सपने को हकीकत में बदल सकता है।

**शांतिपूर्ण क्रांति का रास्ता**: आपका वोट भारत का लोकतंत्र हमें सिखाता है कि सच्चा बदलाव शांति और एकजुटता से आता है। महात्मा गांधी ने अहिंसा के जरिए दुनिया को दिखाया कि सही मकसद और संगठित प्रयास से कोई भी सत्ता झुक सकती है। आपका वोट उसी अहिंसक क्रांति का हिस्सा है। यह एक ऐसा हथियार है जो बिना किसी नुकसान के समाज को बेहतर बना सकता है। हर वोट एक कहानी है, और यह आप पर निर्भर है कि वह कहानी प्रगति, समानता और आशा की हो।

**उठें, जागें और वोट करें** : छात्र मित्रों, यह समय है अपने भविष्य को अपने हाथों में लेने का। 2025 का साल आपके लिए एक सुनहरा अवसर है एक ऐसा मौका, जहाँ आप सावधानी और जिम्मेदारी से मतदान कर अपने सपनों के भारत को साकार कर सकते हैं। अपने स्कूल, कॉलेज और मोहल्ले में जागरूकता फैलाएँ। अपने दोस्तों को बताएँ कि उनका वोट कितना कीमती है। सोशल मीडिया पर सकारात्मक अभियान चलाएँ, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान के लिए प्रेरित हों।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक मान्यता प्राप्त काल है।
(ए) 2800 ई. पू.-2000 ई. पू.
(बी) 2500 ई. पू. -1750 ई. पू.
(सी) 3500 ई. पू. -1800 ई. पू.
(डी) निश्चित नहीं हो सका है

**2.** सिंधु घाटी की सभ्यता निम्नलिखित में से किस सभ्यता के समकालीन नहीं थी ?
(ए) मिस्र की सभ्यता
(बी) मेसोपोटामिया की सभ्यता
(सी) चीन की सभ्यता
(डी) ग्रीक की सभ्यता

**3.** सिंधु घाटी की सभ्यता कहाँ तक विस्तृत थी?
(ए) पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर
(बी) राजस्थान, बिहार, बंगाल, उड़ीसा
(सी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा और बंगाल
(डी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, सिंध और बलुचिस्तान

**4.** सिंधु घाटी की सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहां मिले हैं ?
(ए) सुरकोटदा (बी) वणावली
(सी) लोथल (डी) कालीबंगा

**5.** सिंधु घाटी स्थल कालीबंगन किस प्रदेश में है ?
(ए) राजस्थान में (बी) गुजरात में
(सी) मध्य प्रदेश (डी) उत्तर प्रदेश

**6.** निम्नलिखित में से किस पदार्थ का उपयोग हड़प्पा काल की मुद्राओं के निर्माण में मुख्य रूप से किया गया था ?
(ए) सेलखड़ी (बी) कांसा
(सी) तांबा (डी) लोहा

**7.** हड़प्पा सभ्यता किस युग की थी ?
(ए) कांस्य युग (बी) नवपाषाण युग
(सी) पुरापाषाण युग (डी) लौह युग

**8.** सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या था ?
(ए) व्यापार ( बी) पशुपालन
(सी) शिकार (डी) कृषि

**9.** हड़प्पा सभ्यता के निवासी थे
(ए) ग्रामीण
(बी) शहरी
(सी) यायावर / खानाबदोश
(डी) जनजातीय

**उत्तर** 1.(बी) 2.(डी) 3.(डी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8. (ए) 9. (बी)

# किशोरावस्था में हार्मोनल बदलाव का भावनाओं पर पड़ता है असर: अनिल

*सहायक प्रेरणादायी अभिव्यक्ति की आजादी वाला सकारात्मक माहौल तैयार करके अपनी भूमिका को बखूबी निभाए, जिससे सकारात्मक परिणाम निकलें*

■ खुले संवाद उपरांत सवालों के निदान से ही समस्या का समाधान संभव : नीरज कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


रोहतक। आयोजित सेमिनार को सम्बोधित करते मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा स्थानीय एमडीएन विद्यालय में स्थापित बाल सलाह, परामर्श एवं कल्याण केंद्र संख्या -98 के अंतर्गत भावनाओं की समझ ना कहना सीखना, स्वस्थ सीमाएं निर्धारित करना विषय पर आयोजित सेमिनार आयोजित किया गया। मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी एवं राज्य नोडल अधिकारी अनिल मलिक ने बतौर मुख्यातिथि विद्यार्थियों को संवाद करते हुए कहा कि व्यापक दृष्टिकोण से देखें तो सार्वभौमिक छह प्रकार की भावना ख़ुशी, उदासी, डर, ग़ुस्सा, घृणा व आश्चर्य विभिन्न संस्कृतियों के लोगों में लगभग एक समान चेहरे के भावों से जुड़ी होती है। किशोरावस्था के दौरान हार्मोनल बदलाव के साथ भावनाओं का असर बहुत अधिक होता है ऐसे में बढ़ती उम्र के साथ भावनाओं को सही से समझकर प्रबंधित करने की कला विकसित करना सीखना होगा। यह मालूम होना चाहिए कि किशोरों के साथ शारीरिक संघर्ष के साथ रस्साकशी की जोर आज़माइश भी चल रही होती है, विपरीत लिंग यौन आकर्षण बढ़ता है, सामाजिक व भावनात्मक संकेतों को समझने की क्षमता में वृद्धि होती है ऐसे में जरूरी है सख्ती से ना कहना सीखना।अनिल मलिक ने कहा कि जीवन की ख़ुशहाली के लिए भावनात्मक संतुलन बनाए रखना कोई भी फैसला करते समय स्वस्थ सीमाएं निर्धारित करना जरूरी है। भावनाओं में बहकर उनके नकारात्मक प्रभाव से बचने के लिए सिर्फ़ ना कहना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि भावनाओं को स्वीकार करना और ख़ुद को बेहतर महसूस कराने के तरीक़े खोजना भी ज़रूरी है। विद्यार्थी सहमति और सम्मान के महत्व को सही से समझें, आपके शरीर पर और भावनाओं पर पूरा अधिकार आपका है, सीधे सम्पर्क यानी ऑफ़लाइन के साथ ऑनलाइन व्यवहार के नियम तय करें, तभी सुरक्षित रहेंगे।

### परामर्शदाताओं ने ने दी यह सलाह

अनिल मलिक ने कहा कि सहायक प्रेरणादायी अभिव्यक्ति की आज़ादी वाला सकारात्मक माहौल तैयार करें, अपनी भूमिका निभाए। परामर्शदाता नीरज कुमार ने कहा कि खुले संवाद उपरांत सवालों के निदान से ही समस्या का समाधान संभव है। यदि अच्छे से समझें तो यह बहुत कुछ है। सेमिनार की संयुक्त अध्यक्षता करते हुए जिला बाल कल्याण अधिकारी सोमदत खुंडिया ने कहा कि व्यावहारिक समझ तथा मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण के लिए जरूरी संवाद बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति प्राचार्या मीनू तहल्यानी, कार्यक्रम अधिकारी अनीता हुड्डा, राज्य बाल कल्याण परिषद के आजीवन सदस्य नीरज कुमार के साथ-साथ शिक्षकगण मंजु शर्मा आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### एड्स जागरूकता पर डॉक्यूमेंट्री का आयोजन

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शुक्रवार को एड्स जागरूकता विषय पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज प्रांगण में मैनेजमेंट के मार्गदर्शन और प्राचार्या डॉ. तरुणा मल्होत्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। आयोजन आइक्यूएसी के अंतर्गत रेड रिबन क्लब द्वारा किया गया। नोडल ऑफिसर प्रीति दहिया, डॉ. दिनेश, टीम सदस्य डॉ. ज्योति गोयल और डॉ. सुनीता ने कार्यक्रम का संचालन किया। डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से विद्यार्थियों को एड्स के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया।

### विद्यार्थियों व शिक्षकों ने मनाया सेवा पखवाड़ा

**महम।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान फरमाणा खास में 17 से 25 सितंबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया गया। शुक्रवार को नशा मुक्ति सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में राजेश आर्य ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया और नशे से होने वाले नुकसान बताए। संस्थान के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार अहलावत ने बताया कि एक मजबूत और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण के लिए नशे को जड़ से खत्म करना होगा। जगमेन्द्र सिंह डब्ल्यूएण्डसीएस ने विद्यार्थियों की कैरियर काउंसलिंग की। अमरजीत प्लंबर अनुदेशक और विरेन्द्र सिंह मशीनिष्ट अनुदेशक के नेतृत्व में संस्थान में सफाई का अभियान चलाया गया।

### यूआईईटी में उद्यमिता पर कार्यशाला का आयोजन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर इनोवेशन, इन्क्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (सीआईआईई) द्वारा शुक्रवार को यूआईईटी कॉन्फ्रेंस हॉल में एमएसएमई-टीसी रोहतक के सहयोग से उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएसएमई-टीसी के प्रबंधक (मैकेनिकल) आर के सिंह और सीए गौरव गुप्ता शामिल हुए। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रो. सोनिया, निदेशक सीआईआईई तथा प्रो. आशीष दहिया, अतिरिक्त निदेशक सीआईआईई ने की। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ दीपक छाबड़ा, उपनिदेशक सीआईआईई ने कार्यक्रम के सफल संचालन में विशेष भूमिका निभाई।

### आरकेपी स्कूल में साइबर सुरक्षा के उपाय बताए

**महम।** मदीना के रामकृष्ण परमहंस वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए साइबर सुरक्षा विषय पर एक लेक्चर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 11वीं और 12वीं कक्षा के एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में साइबर विशेषज्ञ एएसआई दयानंद को आमंत्रित किया गया था। इस दौरान उन्होंने स्वयंसेवकों को साइबर सुरक्षा के महत्त्व और ऑनलाइन खतरों से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी।

## कैंप में 71 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया

# स्वास्थ्य जांच शिविरों का उठाएं नागरिक लाभ : सांसद जांगड़ा

कैंसर के मरीजों से संबंधित 113 मरीजों की स्क्रीनिंग की व दवाई वितरित की

■ शिविर में 353 मरीजों की जांच की गई, जिसमें से 156 महिलाओं की जांच व बीमारी का इलाज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम


**महम।** मदीना में लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान ग्रामीणों से बातचीत करते राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा। *फोटो :हरिभूमि*

राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने जिला के गांव मदीना स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार पखवाड़े के अंतर्गत पीजीआईएमएस के विशेषज्ञों की टीम सहित आयोजित विशाल कैंप का उद्घाटन किया। इस विशाल कैंप में लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। कैंप में 14 तरह के डॉक्टरों ने बीमारी का इलाज किया व मौके पर ही दवाइयां उपलब्ध करवाई गई।राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन 17 सितंबर को फिजूलखर्ची को रोकने के लिए नारी का स्वास्थ्य एवं परिवार को सशक्त बनाने के लिए स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार का शुभारंभ किया। यह अभियान आगामी 2 अक्तूबर तक जारी रहेगा तथा अभियान के दौरान विशेष कैंप आयोजित कर बच्चों, बुजुर्गों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी तथा मौके पर आवश्यकता अनुसार आवश्यक दवाइयां भी वितरित की जाएगी। उन्होंने पर्यावरण पर बल देते हुए पौधारोपण भी किया।

इस मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर रमेश चंद्र आर्य ने बताया कि शिविर में 353 मरीजों की जांच की गई, जिसमें से 156 महिलाओं की जांच व बीमारी का इलाज किया गया। मदीना में 250 पौधे लगाए गए, 31 चश्मे वितरित किए गए, 71 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया गया, कैंसर के मरीजों से संबंधित 113 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई व अन्य बीमारियों की भी जांच व दवाई वितरित की गई। इस कैंप के संयोजक वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशीला मलिक, मदीना कौरसान की सरपंच अनीषा दांगी, संदीप व मदीना गिंदराण की सरपंच अंजू, राजेश भी उपस्थित रहे। उप सिविल सर्जन डॉ. डिंपल, जिला परिवार कल्याण शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, डॉ. सोनिया, डॉ. विवेक, डॉ. साक्षी, डॉ. कुलवंत, डॉ. भव्या सहित पीजीआईएमएस की विशेषज्ञों की टीम व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सभी स्टाफ नर्सिंग व आशा वर्कर तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### महिलाओं के स्वास्थ्य पर दिया जोर

राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा, स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलाभर में शिविरों का आयोजन करके महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की जाएगी तथा जांच के आधार पर इलाज किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक गहरी सोच के साथ महिलाओं को स्वस्थ बनाने तथा परिवार को सशक्त बनाने के लिए इस योजना को समर्पित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्म पर महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण योजना लागू की है। इसके तहत गर्भवती महिलाओं, बच्चों के दांतों की बीमारी, कानों की बीमारी, दवाइयां, सर्जरी, बुजुर्गों के लिए चश्मा, आंखों की जांच, कैंसर की बीमारी की प्रारंभिक जांच, टीबी के मरीजों की जांच की सुविधा निशुल्क इन शिविरों में प्रदान की जा रही है। सभी नागरिक इन स्वास्थ्य शिविरों का पूरा लाभ उठाएं।

## न्यूज डायरी

### रिया ने जूडो में जीता स्वर्ण पदक, किया सम्मानित



**रोहतक।** आकाशदीप दुहन साइंस इंस्टिट्यूट की छात्रा रिया ने जूडो खेल में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। रिया ने सीबीएसई नॉर्थ जोन प्रतियोगिता (सोनीपत) में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इस उपलब्धि से उसे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। रिया ने इससे पहले छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित कुराश राष्ट्रीय चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। इसके अलावा 58वीं स्कूल जूडो टूर्नामेंट में भी उसने स्वर्ण पदक हासिल कर अपने दमखम का परिचय दिया। लगातार मिल रही इस सफलता से रिया का चयन राष्ट्रीय स्तर पर सुनिश्चित हो गया है। संस्थान के निर्देशक डॉ. अशोक दुहन ने रिया और उसके माता-पिता को शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। डॉ. दुहन ने कहा कि रिया की यह उपलब्धि सिर्फ उसके कठिन परिश्रम का परिणाम नहीं है, बल्कि पूरे संस्थान के सहयोग और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन से संभव हुई है। उन्होंने विशेष रूप से मेहताब सिंह जूडो एकेडमी और कोचों डॉ. शक्ति सिंह, सोमबीर, अजय, विकास, परीक्षित और अवनीश का आभार जताया।



### कथा में पूतना वध और महामाया की लीला का वर्णन

**रोहतक।** मानव कल्याण समिति की ओर से चल रहे 11वें संगीतमयी भागवत ज्ञान यज्ञ में आज व्यास पीठ से देशमुख वशिष्ठ भागवत पीठाधीश्वर ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर और भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कथा के दौरान पूतना वध प्रसंग का मार्मिक चित्रण करते हुए भक्तों को भावविभोर कर दिया। इसी के साथ महामाया की अद्भुत शक्ति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान का जन्म दिव्य और अद्वितीय है। व्यास पीठ से उन्होंने आकाशवाणी का उल्लेख करते हुए बताया कि कल तेरा काल जन्म ले चुका है। इस प्रसंग को सुनकर उपस्थित भक्तगण भक्ति रस में सराबोर हो गए। भागवत कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालुओं ने भजनों और कीर्तन के साथ आनंद की अनुभूति की। आयोजन स्थल पर पूरे दिन धार्मिक माहौल बना रहा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में भी कथा के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा और भक्तजन भगवान की लीलाओं का श्रवण कर पुण्य अर्जित करेंगे। इस मौके पर भक्त मौजूद रहे।


**रोहतक।** विशेष अभियान के दौरान सफाई करते वार्ड सदस्य विजय कुमार गोयल व नगर निगम के विशेष अधिकारी ( स्वच्छता) प्रदीप कौशिक।

### सफाई अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक

**रोहतक।** नगर निगम रोहतक द्वारा हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के तहत वार्ड नं. 19 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में वार्ड सदस्य विजय कुमार गोयल की उपस्थिति रही। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान जनता कॉलोनी, झज्जर रोड, काठमंडी सहित कई इलाकों में सफाई करवाई गई। इस मौके पर नगर निगम के विशेष अधिकारी (स्वच्छता) प्रदीप कौशिक ने स्वयं भाग लेकर नागरिकों को गंदगी न फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने के लिए जागरूक किया। टीम ने रेलवे रोड और झज्जर रोड पर भी लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। प्रदीप कौशिक ने बताया कि अभियान सिर्फ सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर बनाने के लिए केवल निगम का प्रयास पर्याप्त नहीं, बल्कि आमजन की सहभागिता भी जरूरी है।

## दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक आम सभा सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दी रोहतक केन्द्रीय सहकारी बैंक की 99वीं वार्षिक आम सभा की बैठक शुक्रवार को बैंक के मुख्यालय के सभागार में बैंक के चेयरमैन हरीश कौशिक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित सभी सहकार बंधुओं का स्वागत करते हुए चेयरमैन हरीश कौशिक ने कहा कि सहकारिता आंदोलन की सफलता में हिस्सेदार समितियों की सक्रिय भागीदारी सबसे अहम है। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष रोहतक भाजपा रमेश भाटिया विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक की कार्यवाही का संचालन बैंक के महाप्रबन्धक छैलू राम एवं पूर्व महाप्रबन्धक वेद प्रकाश ने किया। आम सभा में गत वर्ष की बैठक की कार्यवाही की सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। इसके बाद वर्ष 2024-25 का बैंक का लेखा परीक्षित तुलना पत्र और लाभ-हानि खाता प्रस्तुत कर स्वीकृत किया गया। साथ ही सांविधिक लेखा परीक्षा आयोजित करने के लिए परीक्षकों की नियुक्ति तथा वर्ष 2025-26 के ऋण कार्यक्रम को भी सर्वसम्मति से अनुमोदित कर दिया गया। आम सभा में बैंक के उप प्रधान अभिमन्यु, निदेशक अत्तर सिंह रापड़िया, प्रीत सिंह, राजेश कुमार, देवेंद्र आदि रहे।

### ये प्रतिनिधि रहे मौजूद

बैठक में प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां, सहकारी श्रम एवं निर्माण समितियां, सहकारी दुग्ध उत्पादक समितियां, सहकारी बहुद्देशीय समितियां तथा सहकारी परिवहन समितियों के सैकड़ों प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## गांधी कैम्प में चौकी बनाने और मुआवजे की मांग हुई तेज

हेमंत बख्शी ने उठाई सुरक्षा की आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



गांधी कैम्प में 11 सितम्बर की रात हुए हमले, आगजनी और तोड़फोड़ की घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा और मुआवजे को लेकर स्थानीय लोगों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को कांग्रेस नेता हेमंत बख्शी के नेतृत्व में निवासियों का शिष्टमंडल जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक से मिला और अपनी समस्याओं को विस्तार से रखा। हेमंत बख्शी ने डीसी को घटना की पूरी जानकारी दी और मांग की कि पीड़ित परिवारों को उनके नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए। इस दौरान प्रभावित परिवारों ने भी अपनी आपबीती सुनाई और बताया कि हमलावरों ने रातों-रात उनके घरों में तोड़फोड़ और नुकसान किया। हेमंत बख्शी ने एसपी से आग्रह किया कि गांधी कैम्प जैसे संवेदनशील क्षेत्र में रात्रि गश्त को बढ़ाया जाए और जरूरत पड़ने पर पीसीआर या राइडर स्थाई रूप से तैनात किए जाएं। इस मौके पर महेंद्र बत्रा, राजीव अत्री, कपीश खुराना, अनिल सहगल, राकेश कपूर, संदीप सहगल, विनोद दहिया मौजूद रहे।

### महिलाओं ने बढ़ते अपराध के खिलाफ उठाई आवाज

गांधी कैम्प की महिलाओं ने डीसी और एसपी को बताया कि क्षेत्र में अपराध इतना बढ़ चुका है कि शाम ढलते ही घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि असामाजिक तत्व खुलेआम शराब पीते हैं, महिलाओं से अभद्र हरकतें कर असुरक्षा का माहौल पैदा करते हैं। डीसी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एसपी से चर्चा की और आश्वासन दिया कि मौके का दौरा कर जल्द ही समाधान निकाला जाएगा।



## श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज में सुडोकू पजल प्रतियोगिता का आयोजन

रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में शुक्रवार को गणित विभाग के तत्वावधान में पजल गेम सुडोकू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने की। गणित विभाग की विभागाध्यक्षा एवं संयोजिका डॉ. मीनाक्षी गुगनानी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में तर्कशक्ति, एकाग्रता और समस्या समाधान क्षमता को विकसित करना है। प्रतियोगिता की शुरुआत नियमों और समय-सीमा बताने के बाद शुभकामनाओं के साथ की गई। प्रतियोगिता में कॉलेज के 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. मीनाक्षी गुगनानी और डॉ. सन्नी कपूर ने निभाई। वहीं प्रतियोगिता का संचालन प्रियंका साहनी और श्रीमती संतोष के मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुडोकू जैसे खेल तार्किक सोच और मानसिक क्षमता को मजबूत करते हैं, जो शैक्षणिक और व्यक्तिगत जीवन में सफलता दिलाते हैं। उन्होंने गणित विभाग को प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. मनीषा, डॉ. ज्योति, डॉ. हिना उपस्थित रहे।

## बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय वृद्धा दिवस मनाया

■ कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बुजुर्गों के सम्मान, देखभाल और उनकी सेवा करने की शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक के मानविकी संकाय में यूजीसी के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बुजुर्गों के सम्मान, देखभाल और उनकी सेवा करने की शपथ ली।

कार्यक्रम की शुरुआत मानविकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ. बीएम. यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारे अनुभवों और संस्कारों की नींव हैं। उनका सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि संस्कृति का हिस्सा है। उन्होंने छात्रों को बुजुर्गों की आवाज को सशक्त बनाने और उनके प्रति संवेदनशील होने का संदेश दिया। एनएसएस. कोऑर्डिनेटर डॉ. मंजीत कुमार ने कहा कि बुजुर्ग हमारे लिए जीवंत पुस्तकालय की तरह हैं। उनके अनुभव और ज्ञान हमें समय-समय पर दिशा दिखाते हैं।

### छात्रों को पढ़ाया सदाचार का पाठ

डॉ. ब्रह्म प्रकाश ने विद्यार्थियों को बुजुर्गों के प्रति आदर भाव रखने और उनके अनुभवों से प्रेरणा लेने की सीख दी। वहीं डॉ. सुमन राठी ने विद्यार्थियों को प्रतिज्ञा दिलाते हुए कहा कि हम हमेशा अपने बुजुर्गों से आदर एवं प्रेम से व्यवहार करेंगे, उनके साथ समय बिताएंगे ताकि वे कभी अकेलापन महसूस न करें। हमारे बुजुर्ग ही हमारी असली पूंजी हैं और उनका सम्मान ही प्रगति का मार्ग है


**महम।** एचआईवी एड्स विषय पर जागरूकता रैली निकालते हुए राजकीय महाविद्यालय महम के विद्यार्थी।

### एड्स जागरूकता के लिए निकाली रैली

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को महम शहर में एचआईवी एड्स जागरूकता के लिए एक रैली निकाली। इस दौरान विद्यार्थियों ने शहरवासियों को एड्स को लेकर जागरूक किया और इस विषय पर फैलाई जा रही भ्रांतियों को दूर किया। कॉलेज में चलाए गए विभिन्न कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को एचआईवी एड्स से बचाव तथा रेड रिबन क्लब के महत्व के बारे में बताया। महाविद्यालय में 4 सितम्बर से 19 सितम्बर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को डॉक्यूमेन्ट्री दिखाई गई, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, राष्ट्रीय टॉल फी हैल्प लाइन न० 1097 व एड्स ऐप के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। रेड रिबन से मानव श्रृंखला बनाई गई व महाविद्यालय के वृक्षों को रेड रिबन व लाल गुब्बारों से सजाया गया। इन सभी गतिविधियों में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Computer Operator (Male) 2
- Computer Operator (Female) 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप



### एचएसईबी वर्कर्स यूनियन ने किया विरोध

**रोहतक।** एचएसईबी वर्कर्स यूनियन हेड ऑफिस भिवानी द्वारा एसडीओ इंडस्ट्रियल एरिया के कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कहा कि कर्मचारियों के लिए कंप्लेंट सेंटर तक की बिल्डिंग, पीने के पानी तथा वॉशरूम तक की व्यवस्था नहीं है। कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की जब भी एसडीओ से बात की जाती है वह जिम्मेदारी उच्च अधिकारियों पर डालकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। इस अवसर पर संजीत, अनिल, वीरेंद्र, मनोज, नवीन, अशोक, परमित, दिनेश, रवि किरण, रविन फोगाट, अरुण, परमजीत, अशोक,संत, रविन्द्र ,बलवान, संजय, मदन, संजीव, कुलदीप, अनीश, हरीश आदि मौजूद रहे।

### डॉ. मंगल सेन भवन का सदुपयोग हो

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं डॉ. मंगल सेन विचार मंच के अध्यक्ष मनोहर लाल वधवा ने पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर से आग्रह किया है कि हुड्डा कॉम्प्लेक्स स्थित पुराने डॉ. मंगल सेन भवन का सदुपयोग किया जाए। वधवा ने कहा कि यह भवन पहले भाजपा का कार्यालय रहा है, लेकिन अब पार्टी कार्यालय सनसिटी सेक्टर-36 में स्थानांतरित हो चुका है। ऐसे में पुराने कार्यालय को खाली छोड़ने की बजाय इसे पुस्तकालय और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के बैठक स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। वरिष्ठ कार्यकर्ता और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सनसिटी स्थित नया कार्यालय काफी दूर पड़ता है। कई पुराने कार्यकर्ताओं की उम्र अधिक होने के कारण वे वहां तक नहीं जा पाते।



शानदार प्रदर्शन

# सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल में संचालित सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में शुक्रवार प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में तीसरे दिन कंप्यूटर साइंस विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डा. नसीब सिंह गिल तथा महंत राजेन्द्र दास, जटैला धाम, दूबलधन माजरा ने विजेताओं को मेडल पहनाए। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की निदेशक प्रो. सुनीता सैनी, आयोजन सचिव मनोज हुड्डा, कैंपस स्कूल इंचार्ज विवेक कौशल, सीबीएसई आब्जर्वर जगदीप सिंह आहलूवालिया, टेक्रिकल डेलीगेट सुरेश देसवाल, केएस राठी, डा. अंजू हुड्डा समेत आयोजन समिति के सदस्य एवं संचालन समिति के सदस्य समेत प्रतिभागी, खेल प्रशिक्षक, टीम इंचार्ज व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

आयोजन सचिव मनोज हुड्डा ने बताया कि तीसरे दिन 400 मीटर इंडिविजुअल मेडले अंडर-19 वर्ग में द ग्लोबल एज स्कूल, तमिलनाडू के धूपलीपूडी वरशिष्ट ने प्रथम, डीपीएस नार्थ के सोहम मोंडल ने दूसरा तथा डीपीएस वसंत कुंज के वंश सुहाग ने तीसरा स्थान पाया। अंडर-17 वर्ग में जैन हेरीटज स्कूल, केंपापुरा के शरण एस ने प्रथम, नेशनल पब्लिक स्कूल उत्तराहाल्ली के दुरपद रामाकृष्णा ने दूसरा तथा बाल भारती पब्लिक स्कूल, राजेन्द्र नगर दिल्ली के युवराज सिंह ने तीसरा स्थान पाया।चार गुणा सौ मीटर फ्री स्टाइल रिले में अंडर-19 वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल नार्थ के अभिनव विजिकुमार, सृजन नाथ, अैध याशिर व शाह ने प्रथम, चैट्टीनाद विद्याश्रम, चेन्नई के अद्वैत, दर्शन आर, अबुबैकर, निखिलेश व विद्युत दक्ष ने दूसरा, गीतांजलि आल इंडिया स्कूल, तमिलनाडू के मोनीथ पीजी ने तीसरा स्थान पाया।





**रोहतक।** सीबीएसई राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी व विजेताओं को सम्मानित करते कंप्यूटर साइंस विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डा. नसीब सिंह गिल। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे विजेता

*पचास मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक अंडर-17 में डीएवी पब्लिक स्कूल, श्रेष्ठा विहार, दिल्ली के रणबीर सचदेवा ने प्रथम, एयर फोर्स स्कूल हेब्बल के साइएश किनी ने दूसरा तथा जिजस सैकर्ड हर्ट स्कूल, लुधियाना के ओजस ने तीसरा स्थान पाया। अंडर-14 वर्ग में लखनऊ पब्लिक स्कूल के शिवेन्द्र यादव ने प्रथम, बैंगलोर इंटरनेशनल हाई स्कूल के चेतन नागराज गन्नपा ने दूसरा तथा आंध्र ईडीएन सोसायटी के हर्षित ने तीसरा स्थान पाया। अंडर-11 में लिटिल एंजल स्कूल, पिलीभित के दक्ष पाण्डे ने प्रथम, एफएआईपीएस के अभिमन्यु ने दूसरा तथा विबग्योर हाइ के इशान पाल ने तीसरा स्थान पाया।*

## निगम आयुक्त ने मानसरोवर पार्क स्थित सार्वजनिक शौचालय से की निरीक्षण की शुरुआत

# त्योहारों से पहले सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

निगम आयुक्त बोले, नागरिकों को असुविधा न हो

*शौचालय में हर समय बनी रहे पानी की उपलब्धता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

त्योहारों के सीजन की शुरुआत से पहले नगर निगम ने शहर की सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने की तैयारी तेज कर दी है। शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सार्वजनिक शौचालयों और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान किसी भी स्थिति में नागरिकों को असुविधा नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण की शुरुआत आयुक्त ने मानसरोवर पार्क स्थित सार्वजनिक शौचालय से की। यहां की साफ-सफाई देखकर उन्होंने संतोष जताया। इसके बाद वे छोटूराम चौक और शौरी मार्किट पहुंचे। अधिकांश स्थानों पर सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली, लेकिन कुछ जगहों पर सुधार की आवश्यकता भी महसूस की गई। आयुक्त ने मौके पर ही अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए और कहा कि नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, साथ ही शौचालय में पानी की उपलब्धता हर समय बनी रहे।



**रोहतक।** शौरी मार्केट शौचालयों का निरीक्षण करते नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा।

### त्योहारों में बढ़ेगा बाजारों का दबाव

डॉ. शर्मा ने कहा कि आने वाले दिनों में नवरात्र, दशहरा, दीपावली जैसे बड़े त्योहार मनाए जाएंगे। इस दौरान बाजारों में रोजाना हजारों लोग खरीदारी के लिए आएंगे। ऐसे में यह और भी जरूरी हो जाता है कि सभी सार्वजनिक शौचालयों और बाजारों में सफाई व्यवस्था पुख्ता हो। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि नियमित निरीक्षण करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### नागरिकों से अपील

*आयुक्त ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने साफ संदेश दिया कि सफाई के मामले में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही आम नागरिकों से अपील की कि वे भी निगम का सहयोग करें और सार्वजनिक शौचालयों का जिम्मेदारी से उपयोग करें।*

### दुकानदारों से लिया फीडबैक

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वहां मौजूद दुकानदारों से सफाई व्यवस्था पर फीडबैक लिया। दुकानदारों ने निगम की ओर से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि पिछले कुछ समय से बाजारों में सफाई व्यवस्था में सुधार हुआ है। हालांकि उन्होंने शौरी मार्किट में बने यूरिनल के आगे छाया (सैड) लगवाने की मांग रखी। इस पर आयुक्त ने तुरंत संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश देते हुए जल्द कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया।

### निगम की तैयारी

- सभी सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई होगी।
- पानी की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित की जाएगी।
- दुकानदारों से लिया जाएगा फीडबैक।
- शौरी मार्केट यूरिनल पर जल्द लगेगा सैड।
- त्योहारों के दौरान बढ़ेगी रात्रि गश्त और निरीक्षण।
- सफाई में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई।



### वैश्य कॉलेज ऑफ लॉ द्वारा कलानौर में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज ऑफ लॉ लीगल एड सैल द्वारा शुक्रवार को राजकीय महिला विद्यालय कलानौर में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनीष भारद्धाज के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की छात्राओं को कानूनी शिक्षा एवं महिला अधिकारों के बारे में जानकारी दी। लीगल एड सैल की संयोजिका डॉ. निधि मित्तल, सदस्य डॉ. राजवंती और डॉ. डिंपल गोयल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बाल अधिकार, शिक्षा का अधिकार, यौन उत्पीड़न और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के दौर में छात्राओं को अपने अधिकारों और कानूनी सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक होना बेहद जरूरी है। विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र कटारिया ने भी अपने विचार रखते हुए छात्राओं को ऐसे शिविरों से मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. मनीष भारद्धाज ने बताया कि यह कार्यक्रम कॉलेज की प्रबंधन समिति के प्रधान विकास गोयल, उप-प्रधान अनिल बिंदल, महासचिव राधेश्याम गर्ग, कोषाध्यक्ष पवन मित्तल खरकियां और सह-सचिव अनिल बंसल के मार्गदर्शन और प्रेरणा से आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि समाज के अधिक से अधिक लोगों को कानूनी जानकारी और अधिकारों के प्रति सजग किया जा सके।



### श्री एलएन हिन्दू कॉलेज में सेवा पखवाड़े के तहत पौधरोपण अभियान चलाया

**रोहतक।** श्री एलएन हिन्दू कॉलेज की एनएसएस सेल द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने की, जबकि संचालन एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. रजनी कुमारी व डॉ. प्रवीण शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने पौधा लगाकर की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और युवा पीढ़ी इसमें अहम भूमिका निभा सकती है। उन्होंने सभी छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल का संकल्प लें। मौके पर डॉ. अंजू देशवाल, डॉ. सुमित दहिया, डॉ. हर्षिता, डॉ. ज्योति सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों में लावण्या, पलक, मनीषा, गगन, मुस्कान, रजत, अमितेश, शिवम, अमन, राघव, सारिका, निकिता, स्वाति, अनमोल, कुलदीप, नूर, चैतन्य, शुभम आदि ने भागीदारी की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

लाडो लक्ष्मी योजना

### पात्र महिलाओं का गांव व वार्ड स्तर पर होगा पंजीकरण



**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना 2025 की अधिसूचना जारी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि पात्र महिलाओं का रजिस्ट्रेशन करने के लिए गांव, वार्ड, ब्लॉक व जिला स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। योजना को लेकर सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. जी अनुपमा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बाद में अधिकारियों की बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि यह सरकार की फ्लैगशिप स्कीम है और सभी पात्र महिलाओं का पंजीकरण करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने तुरंत प्रभाव टीमें बना कर उन्हें ट्रेनिंग देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि चुनावी तर्ज पर टीमों को प्रशिक्षित करके शिविरों में भेजा जाए ताकि किसी भी पात्र महिला का रजिस्ट्रेशन करने में कोई परेशानी ना हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजीकरण निःशुल्क है और घर बैठे मोबाइल ऐप पर इसका रजिस्ट्रेशन आसानी से किया जा सकता है।

जनवादी महिला समिति ने भेजा ज्ञापन

### त्योहारों पर अतिरिक्त राशन व बीपीएल कार्ड बहाली की मांग



**रोहतक।** जनवादी महिला समिति ने त्योहारों के मौके पर गरीब परिवारों के लिए अतिरिक्त राशन, बीपीएल कार्ड की बहाली और अन्य सुविधाओं की मांग को लेकर जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगमति सांगवान, राज्य अध्यक्ष सविता, जिला कोषाध्यक्ष राजकुमारी दहिया और जिला सहसचिव मुनमुन हजारिका प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहीं। प्रतिनिधिमंडल झंग कॉलोनी और जसबीर कॉलोनी से गंदगी भरे पानी की बोतलें साथ लेकर पहुंचा और अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया। संगठन की नेताओं ने कहा कि दशहरा और दीपावली के समय गरीब परिवार महंगाई और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में कटौती के कारण मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। लाखों परिवारों के बीपीएल कार्ड फैमिली आईडी की गड़बड़ियों के चलते काट दिए गए हैं। राशन डिपो पर वस्तुओं की संख्या, मात्रा और गुणवत्ता घटा दी गई है। महिला समिति ने मांग की कि अक्टूबर के त्योहारों पर सूजी, दाल, चावल, घी, चीनी, मसाले और सरसों का तेल अतिरिक्त राशन के रूप में दिया जाए।

## समाधान शिविरों की शिकायतों का निपटारा करते समय पोर्टल पर उचित टिप्पणी करें अधिकारी

हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों की शिकायतों का निपटारा करते समय सही टिप्पणी डाले। अधिकारी शिविरों की लंबित शिकायतों का यथाशीघ्र उचित निपटारा सुनिश्चित करें। सचिन गुप्ता स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार व एएसपी प्रतीक अग्रावल के साथ हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक में समीक्षा कर रहे थे।

हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ के प्रशासनिक सचिव अमित अग्रवाल ने वर्चुअली समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की तथा सभी संबंधित अधिकारियों को इन शिकायतों को गंभीरता से हल करने के निर्देश दिए। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिला में शिकायतों के निपटारे बारे कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है कि वे शिकायतों का निपटारा करते समय उचित टिप्पणी पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में पोर्टल पर टिप्पणी दर्ज करते समय ध्यान दिया जाएगा।



**रोहतक।** हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

### रि-ओपन होने वाली शिकायतों का हो उचित समाधान

ध्यान रहे कि तुरंत निदान करने के उद्देश्य से हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि रि-ओपन होने वाली शिकायतों का उचित समाधान किया जाए तथा सही टिप्पणी दर्ज की जाए ताकि ऐसी शिकायतें पोर्टल से हट सके। इस अवसर पर जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता रामेंद्र मलिक, स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार, हाइड्रोलॉजिस्ट दलबीर राणा, उप जिला शिक्षा अधिकारी राजबाला सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## महिलाओं से समय-समय पर स्वास्थ्य जांच के लिए किया आग्रह

# स्वस्थ नारी ही परिवार को बना सकती है सशक्त: कुलपति

*ओपीडी के मेन हॉल में टीबी जांच शिविर व जागरूकता कैंप का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के उपलब्ध के भारत सरकार व हरियाणा सरकार द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पीजीआईएमएस द्वारा शुक्रवार को ओपीडी के मेन हॉल में टीबी जांच शिविर व जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल उपस्थित हुए। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि सेवा पखवाड़े की कड़ी में ही आज यह प्रोग्राम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह लक्ष्य है कि हर जिला हर प्रदेश और पूरा देश टीबी मुक्त बने, उसी दिशा में हमें इसमें अपना भरपूर सहयोग देते हुए टीबी को हराना चाहिए।

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि हमें हमारी नारी शक्ति की तरफ भी विशेष ध्यान देना है। इस अवसर पर डॉ. राजेश गुप्ता, जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज और सेवा पखवाड़े के सहायक नोडल अधिकारी डॉ. वरूण अरोड़ा, डॉ. रितु अग्रवाल, डॉ. बिजेंद्र, डॉ. संजीव प्रसाद, डॉ सुशीला, डॉ. अभिलाषा, डॉ. साक्षी, डॉ. पूनम, डॉ. नेहा सहारण ने भी मरीजों का ज्ञानवर्धन किया।



**रोहतक।** ओपीडी के मेन हॉल में टीबी जांच शिविर व जागरूकता कैंप के दौरान डॉक्टरों को शपथ दिलाते कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

### लोगों को किया जागरूक

नोडल अधिकारी डॉ. कुंदन मित्तल ने कहा कि टीबी रोग के निदान के लिए सभी जांच व दवाएं पीजीआईएमएस में उपलब्ध हैं। डॉ. कुंदन मित्तल ने बताया कि जिस मरीज को टीबी के लक्षण हों उसे जांच करवाकर इलाज चालू करना चाहिए। छाती एवं क्षय रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रेम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि अगर किसी मरीज को टीबी के लक्षण हैं तो उसे शर्माना नहीं चाहिए और जांच कराकर जल्द से जल्द इलाज शुरू करना चाहिए। डॉ. राजेश गुप्ता ने बताया कि टीबी का इलाज पूरा करने पर उसे जड़ से खत्म किया जा सकता है। नोडल अधिकारी डॉ. विपुल ने बताया कि इस कैंप में करीब 150 मरीजों की जांच की गई जिसमें उनके सभी जरूरी टेस्ट भी किए गए। कम्युनिटी मेडिसन विभाग द्वारा भी लोगों को जागरूक किया गया और शपथ दिलाई गई ।



### लाखनमाजरा में खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव की धूम

**रोहतक।** गांव लाखनमाजरा में स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस उत्सव में हरियाणवी परिधानों से सज-धज कर आए सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों ने हरियाणवी गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दी। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने उत्सव में शिरकत की तथा कार्यक्रम में 5वीं से 8वीं व 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने फॉक डांस, एकल डांस, समूह डांस, स्किट और रागिनी सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। खंड स्तर पर विजेता विद्यार्थियों को अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव के मंच का संचालन रेणुका खत्री व विजय रोहिला ने किया। इस अवसर पर कक्षा 9 से 12 व कक्षा 5 से 8 के प्रतिभागियों ने भाग लिया।खंड शिक्षा अधिकारी साधना व जिला सांस्कृतिक संयोजक रविंद्र अहलावत व डीपीसी विजेंद्र हुड्डा की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल सुशीला देवी, सरोज, पूर्णिमा, गोविंद राम व टीम इंचार्ज भी उपस्थित रहे। पीएम श्री टिटौली, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घरनावठी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुंदरपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरक जाटान, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाखन माजरा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चिडी व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बैंसी स्कूलों ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किए।